
## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 26.07.2024 को जिलाधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त –


जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 26.07.2024 को जिलाधिकारी महोदय, अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहारनपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. श्री सुमित राजेश महाजन, मुख्य विकास अधिकारी, सहारनपुर।
2. श्री योगेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
3. श्री रवि कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
4. श्री अनुज कुमार, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
5. श्री शैंकी देव, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
6. श्री दुष्यन्त कुमार, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
7. श्री सौरभ गुप्ता, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
8. श्री अमित कुमार, अवर अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
9. श्री शीलम शंकर, टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI), सहारनपुर।
10. श्री दीपक कुमार सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI), सहारनपुर।
11. श्री भंवर सिंह, महा प्रबन्धक, मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर।
12. श्री अशोक शर्मा, महा प्रबन्धक, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर।
13. श्री चन्द्र शेखर, महा प्रबन्धक, मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) सहारनपुर द्वारा जिलाधिकारी महोदय को एजेन्सी वार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्मो की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा अधिशासी अभियन्ता को प्रगति में अपेक्षित सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी)**





MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\1

EE

Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 वुडहिल के द्वारा कराये गये सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 72 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिये गये है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता को 72 नग पेयजल योजनाओं, जिनमें सड़क पुर्नस्थापना के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिये गये है की सूची पत्र के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी महोदय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन0के0जी0 प्राईमस् (जेवी) के द्वारा कराये गये सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 60 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिये गये है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता को 60 नग पेयजल योजनाओं, जिनमें सड़क पुर्नस्थापना के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिये गये है की सूची पत्र के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी महोदय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जेवी) के द्वारा कराये गये सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 40 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिये गये है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता को 40 नग पेयजल योजनाओं, जिनमें सड़क पुर्नस्थापना के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिये गये है की सूची पत्र के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी महोदय को उपलंब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि फर्मो के कवर अनुबन्ध के अनुसार योजना के निर्माण कार्यो एवं सड़क पुर्नस्थापना की स्थिति से आगामी बैठक में अवगत करायें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0,**
**मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी)**

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यो की समीक्षा करते हुये अधिशासी अभियन्ता को अनुबन्ध की शर्तो की विधिवत अध्ययन न किये जाने के कारण कार्यप्रणाली में सुधार लाये जाने हेतु चेतावनी दी गयी एवं श्री रवि कुमार वर्मा, सहायक अभियन्ता को अपने कार्यो के प्रति लापरवाही बरतने एवं स्वैच्छाचारिता के कारण 01 माह का वेतन रोकने एवं 02 कार्य दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण अधिशासी अभियन्ता एवं मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही सहायक अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम)**

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि खण्डान्तर्गत समस्त अवर अभियन्ता, समस्त सहायक अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता द्वारा प्रतिदिन 01 नग पेयजल योजना के निर्माण कार्यो का अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाये एवं निरीक्षण आख्या द्वारा मुख्य विकास अधिकारी एवं जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया जायें।

**(कार्यवाही समस्त अवर अभियन्ता/समस्त सहायक अभियन्ता/**
**अधिशासी अभियन्ता,जल निगम)**

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\2

EE

Scanned with OKEN Scanner

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता एवं थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यो को मानकानुसार कराया जाये एवं मानकानुसार कराये गये कार्यो के बीजकों को ससमय भुगतान हेतु अग्रेसित किया जायें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी )**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियन्ता द्वारा सड़क पुर्नस्थापना से सम्बन्धित जनपद में कार्यरत फर्मो क्रमशः वुडहिल, एन0के0जी0 एवं बाबा–जी0ए0 इन्फा के (72+60+40) कुल 172 नग पेयजल योजनाओं से 20 प्रतिशत पेयजल योजनाओं की सड़क पुर्नस्थापना की स्थिति व गुणवत्ता की जांच कराने हेतु अन्य विभागों के सहायक अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता की टीम गठित कर जांच आख्या 10 कार्य दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही मुख्य विकास अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

(भंवर सिंह)
मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0
सहारनपुर

(अशोक शर्मा)
मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0
सहारनपुर

(शीलम शंकर)
टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI),
सहारनपुर

(चन्द्र शेखर)
मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)
सहारनपुर

30.07.24
(योगेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

(सुमित राजेश महाजन)
मुख्य विकास अधिकारी,
सहारनपुर

03/08/24
(मनीष बंसल)
जिलाधिकारी, सहारनपुर

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\3

Scanned with OKEN Scanner